दैनिक भास्कर

23-03-2023

# शहीदी दिवस पर जीएमएन कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**अम्बाला** | शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा कला परिषद की ओर से बुधवार को जीएमएन कॉलेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हरियाणा कला परिषद के प्रमुख कलाकार सिमरन व कमल और उनके साथियों ने अपने गायन से शहीदों को याद करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया। मेरा रंग दे बसंती चोला और कृष्ण भक्ति की स्वर लहरियों गाकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त, डॉ. चंद्रपाल पूनिया, डॉ. राजेंद्र देसवाल व डॉ. मंजीत मौजूद रहे।